# राजीव गाँधी खेल रत्न पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों की सूची (1991 से 2018 तक)

**राजीव गाँधी खेल रत्न पुरस्कार:**

राजीव गाँधी खेल रत्न भारत का खेल जगत में दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। इस सम्मान का नाम पूर्व प्रधानमन्त्री राजीव गाँधी के नाम पर रखा गया। यह सम्मान 1991-92 में शुरू किया गया। खेल के क्षेत्र में सराहना और जागरूकता के लिए इस सम्मान की स्थापना की गयी थी। इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनकी प्रतिष्ठा बढ़ाना है ताकि वे समाज में अधिक सम्मान प्राप्त कर सकें।

| | |
|---|---|
| **पुरस्कार का वर्ग** | खेल |
| **स्थापना वर्ष** | 1991-92 |
| **पुरस्कार राशि** | 7,50,000 |
| **प्रथम विजेता** | विश्वनाथन आनन्द |
| **पिछला/पिछले विजेता** | मीराबाई चानू (भारोत्तोलन) और विराट कोहली (क्रिकेट) |
| **विवरण** | भारत में दिया जाने वाला सबसे बड़ा खेल पुरस्कार |

**राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार 2018 विजेता:**

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान और दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों मे से एक विराट कोहली और वर्ल्ड चैंपियन वेटलिफ्टर मीराबाई चानू को 2018 का राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया हैं। कोहली पिछले 3 वर्ष से बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। उन्हें इससे पहले 2016 और 2017 में भी इस पुरस्कार के लिए नामित किया गया था। चानू को पिछले साल वर्ल्ड चैंपियनशिप में 48 किग्रा में स्वर्ण पदक जीतने के कारण इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया है।

**पुरस्कार राशि:**

इस सम्मान में एक पदक, सम्मान सहित एक प्रमाण पत्र और नक़द इनाम मिलता है। सन् 2004-05 तक, नक़द रुपयों की संख्या 5,00,000/- थी। अब यह संख्या 5,00,000 से बढ़ाकर 7,50,000 कर दी गयी है। राजीव गांधी खेल रत्न खिलाड़ी को प्रतिवर्ष दिया जाता है जिसमें उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के लिए व्यक्ति या दल को सम्मानित किया जाता है। भारत सरकार द्वारा सम्मानित व्यक्तियों को रेलवे की मुफ्त पास सुविधा प्रदान की जाती है जिसके तहत राजीव

गांधी खेल रत्न पुरस्कार विजेता राजधानी या शताब्दी गाड़ियों में प्रथम और द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित कोचों में फ्री यात्रा कर सकते हैं। भारत का राजीव गांधी खेल रत्न खेल में उपलब्धि के लिए मिलना सम्मान की बात है।

**राजीव गाँधी खेल रत्न पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों की सूची:**

| **वर्ष** | **पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ी का नाम** | **खेल** |
|---|---|---|
| 1991-92 | विश्वनाथन आनन्द | शतरंज |
| 1992-93 | गीत सेठी | बिलियर्ड्स |
| 1993-94 | होमी मोतीवाला (संयुक्त) | |
| 1993-94 | पुष्पेन्द्र कुमार गर्ग (संयुक्त) | नौकायन |
| 1994-95 | कर्णम मल्लेश्वरी | भारोत्तोलन |
| 1995-96 | कुंजारानी देवी (संयुक्त) | भारोत्तोलन |
| 1996-97 | लिएंडर पेस (संयुक्त) | टेनिस |
| 1997-98 | सचिन तेंदुलकर | क्रिकेट |
| 1998-99 | ज्योतिर्मय सिकदार | एथलेटिक्स (ट्रैक और फील्ड) |
| 1999-2000 | धनराज पिल्लै | हॉकी |
| 2000-01 | पुलेला गोपीचंद | बैडमिंटन |
| 2001 | अभिनव बिंद्रा | शूटिंग |
| 2002 | अंजली वेद पाठक (संयुक्त) | शूटिंग |
| 2002 | के.एम. बीनामोल (संयुक्त) | एथलेटिक्स (ट्रैक और फील्ड) |
| 2003 | अंजू बॉबी जॉर्ज | एथलेटिक्स (ट्रैक और फील्ड) |
| 2004 | राज्यवर्धन सिंह राठौर | शूटिंग (निशानेबाज़ी) |
| 2005 | पंकज आडवाणी | बिलियर्ड्स और स्नूकर |
| 2006 | मानवजीत सिंह संधू | शूटिंग |
| 2007 | महेन्द्र सिंह धोनी | क्रिकेट |
| 2009 | मैरी कॉम (संयुक्त) | बाक्सिंग (मुक्केबाज़ी) |
| 2009 | विजेन्द्र कुमार सिंह (संयुक्त) | बाक्सिंग (मुक्केबाज़ी) |
| 2009 | सुशील कुमार (संयुक्त) | कुश्ती |
| 2010 | साइना नेहवाल | बैडमिंटन |
| 2011 | गगन नारंग | निशानेबाज़ी |
| 2012 | विजय कुमार | निशानेबाज़ी |
| 2012 | योगेश्वर दत्त | कुश्ती |

| | | |
|---|---|---|
| 2013 | रोंजन सोढ़ी | निशानेबाज़ी |
| 2015 | सानिया मिर्जा | टेनिस |
| 2016 | पी.वी. सिंधु | बैडमिंटन |
| 2016 | दीपा करमाकर | जिम्नास्टिक |
| 2016 | जीतू राय | निशानेबाज़ी |
| 2016 | साक्षी मलिक | कुश्ती |
| 2017 | सरदार सिंह | हॉकी |
| 2017 | देवेंद्र झांझरिया | जेवलिन थ्रो |
| 2018 | विराट कोहली | क्रिकेट |
| 2018 | साइखोम मीराबाई चानू | भारोत्तोलन |